## महत्वपूर्ण एवं खास

### पीएमजीएसवाय ने शुरू किया ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण व मरम्मत कार्य

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसी कड़ी में पीएमजीएसवाय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य चल रहा है। पीएमजीएसवाय के ईई मिंज ने जानकारी देते हुए बताया कि पुसौर विकासखण्ड के रायगढ़ पुसौर रोड से अमलीपाली तक तथा औरदा से महुआपाली तक सड़क नवीनीकरण कार्य की तैयारी चल रही है एवं पीएमसी का कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार रायगढ़ पुसौर सड़क से आमापाली तक सील कोट कार्य पूर्ण हो गया है। रायगढ़-कनकतुरा रोड से केशला तक सड़क निर्माण कार्य किया जाएगा एवं पुसौर बरमकेला रोड से सराईपाली तक बीटी सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी तरह रायगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत रायगढ़ कोतरारोड से बरमुड़ा, संबलपुरी चौक-कोलाईबहाल से सराईपाली, संबलपुरी कोलाईबहाल रोड से सपनई, रायगढ़ कोलाईबहाल रोड से डूमरपाली, धनागर भूपदेवपुर रोड से हरदीझरिया, पतरापाली से कोटमार, कोसमनारा से कलमी, कुकुर्दा से नवापारा, एनएच-200 से खैरपुर, रायगढ़ खरसिया रोड से कोसमपाली तक बीटी एवं सीसी रोड का निर्माण होने जा रहा है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए 21 नवम्बर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र सेठीनगर बी वार्ड क्रमांक 22, आंगनबाड़ी केन्द्र मुर्गीफार्म बी वार्ड क्रमांक 28, आंगनबाड़ी केन्द्र कैदीमुड़ा वार्ड क्रमांक 30, आंगनबाड़ी केन्द्र फटहामुड़ा बी वार्ड क्रमांक 32, आंगनबाड़ी केन्द्र डीपापारा बी वार्ड क्रमांक 34 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा आंगनबाड़ी केन्द्र मुर्गीफार्म बी वार्ड क्रमांक 28, आंगनबाड़ी केन्द्र तुर्कापारा बी वार्ड क्रमांक 11, आंगनबाड़ी केन्द्र बाबूपारा वार्ड क्रमांक 11 में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए जारी प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन पत्रक के आधार पर दावा-आपत्ति आमंत्रित किए गए है। आवेदिका 11 से 21 नवम्बर 2022 को सायं 5.30 बजे तक परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ शहरी कार्यालय में दावा-आपत्ति आवेदन जमा कर सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 8 जनवरी को

**रायगढ़।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए सैनिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 8 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित की जाएगी। सैनिक स्कूल अंबिकापुर में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की अधिकारिक वेबसाईट https://aissee.nta.nic.acin पर 30 नवम्बर 2022 शाम 5 बजे अपलोड कर सकते है।

### रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज में नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में ऑफिस असिस्टेंट कोर्स में नि:शुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम 10 वीं कक्षा एवं आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क होगी। जिसके उपरांत प्रशिणार्थियों को रोजगार सुनिश्चित करवाया जाएगा। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास, अग्रसेन आईटीआई के बगल में, उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ पंजीयन करवा सकते हैं।

# जंगल में मवेशी के शिकार के लिए तार से बिछा रखे थे करंट : चपेट में आने से हुई थी ग्रामीण की मौत

**❑ गैर-इरादतन हत्या के दो आरोपियों को तमनार पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर**



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा-निर्देश एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर तमनार पुलिस द्वारा गैर-इरादतन हत्या के दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों द्वारा जंगली सुअर शिकार करने के लिये जंगल के डेढ किमी क्षेत्र में जीआई तार से करंट प्रवाहित कर रखे हुए थे जिसमें एक ग्रामीण फंसकर फौत हो गया था।

जानकारी के अनुसार रिपोर्टकर्ता चित्रसेन साहू (35 साल) निवासी पड़िगांव थाना तमनार में दिनांक 01.11.2022 को उसके पिता हरिशंकर साहू के आकस्मिक मौत के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 अक्टूबर की रात करीब 8:30 बजे पिता के साथ अपने खेत में लगे धान फसल की जंगली सुअर से रखवाली करने खेत जा रहे थे। पिता आगे-आगे चल रहा था जिसका पैर विधुत प्रवाहित खुले जी.आई. तार की चपेट में आने से वहीं बेहोश होकर गिर पड़े। चित्रसेन साहू अपनी मां को घटना के संबंध में सूचना दिया उसकी मां गांव के लोगों की मदद से खेत के पास बेहोश पड़े हरिशंकर साहू को तमनार शासकीय अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टर उन्हें विद्युत करंट से मौत होना बताया। घटना के संबंध में थाना तमनार में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। जांच में पाया गया कि आरोपी जयराम सिदार और घरघोड़िया उर्फ राजू सिदार जंगली जानवर (सुअर) का शिकार करने के लिए मनोज पटेल के खेत में 1100 केवी के विद्युत प्रवाहित तार से लोहे के पतले तार को जोड़कर लगभग डेढ किलोमीटर की दूरी तक पहाड़ के नीचे खेत के आसपास लकड़ी का दो-ढाई इंच खुंटा गाड़ कर झाड़ियों में लायलोन की प्लास्टिक रस्सी का सहारा लेकर लोहे का पतला तक फैला कर विधुत प्रवाहित किया गया था, वे लोग भली-भांति जानते थे कि इस प्रकार विद्युत चोरी कर असुरक्षित तरीके से तार फैला कर रखे हैं जिसमें किसी भी जानवर या इंसान तार के संपर्क में आने से उसकी मौत हो सकती है आरोपियों के कृत्य से हरिशंकर साहू की मौत हो गई, आरोपियों के विरुद्ध मर्ग जांच पर थाना प्रभारी तमनार द्वारा धारा 304, 34 आईपीसी 135 विद्युत अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

घटना के बाद से दोनों आरोपी गांव से फरार थे, थाना प्रभारी तमनार उपनिरीक्षक जीपी बंजारे द्वारा दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये मुखबिर लगाकर रखा गया था जिनके द्वारा आज दोनों को गांव आसपास देखे जाने की सूचना पर दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया जिनके कब्जे से जी.आई. तार, 25 नग खुंटे आदि सामग्री जप्त कर दोनों आरोपी – (1) जयराम सिदार पिता स्वर्गीय नंदराम सिदार उम्र 60 वर्ष निवासी जोबरो थाना तमनार (2) घरघोड़िया उर्फ राजू सिदार पिता घसियाराम सिदार उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम घरघोड़ी थाना घरघोड़ा हाल मुकाम गौरबहरी थाना तमनार को गैर इरादतन हत्या (304 IPC) के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## नव विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने वाले पति व सास-ससुर गिरफ्तार

**दहेज हत्या के अपराध में भेजे गए रिमांड पर, खरसिया थाना क्षेत्र की घटना**



**रायगढ़।** दिनांक 10.11.2022 को एसडीओपी खरसिया निमिषा पाण्डेय द्वारा थाना खरसिया के दहेज हत्या के आरोपी नव विवाहिता के पति मुरलीधर पटैल, ससुर ओमप्रकाश पटैल, सास फिरन बाई पटैल ग्राम पामगढ थाना खरसिया को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। नव विवाहिता जागेश्वरी पटैल पति मुरलीधर पटैल उम्र 20 वर्ष साकिन ग्राम पामगढ थाना खरसिया के द्वारा दिनांक 04.10.2022 को फांसी लगाकर आत्महत्या मामले में मृतिका के ससुर द्वारा थाना खरसिया को सूचना दिया गया। नव विवाहिता के आकस्मिक मृत्यु की जांच कार्यपालक दण्डाधिकारी की उपस्थिति में कार्यवाही किया गया तथा मृतिका के माता-पिता के बयान दर्ज किये गये, कथन पर दहेज की मांग को लेकर मृतिका को प्रताडित करना पाये जाने से मर्ग जांच से दिनांक 08.11.2022 को मृतिका के पति, सास एवं ससुर पर धारा 304 बी 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। एसडीओपी खरसिया द्वारा मामले में विवेचना दरम्यान आज तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, तीनों की अपराध में संलिप्तता पाये जाने पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## ट्रैक्टर चोरी में शामिल दो और आरोपी गिरफ्तार

**❑ चोरी में शामिल एक आरोपी को खरसिया पुलिस ने भेजा था रिमांड पर**



**रायगढ़।** दिनांक 09.11.2022 को खरसिया पुलिस द्वारा नया चोढा चौक में नाकेबंदी कर मुखबिर की सूचना पर सक्ती की ओर से ट्रैक्टर चोरी कर ला रहे आरोपी अजय डनसेना उर्फ पांडे पिता स्वर्गीय बाबूलाल डनसेना उम्र 25 साल निवासी देहजरी थाना खरसिया को पकड़ा गया था। आरोप अजय डनसेना उर्फ पांडे पर थाना खरसिया में इस्तगासा धारा 41(1+4)CrPC/379,34 IPC के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया था। उसके साथ रहा आरोपी सुशांत पटैल उर्फ छगन पिता भूषण उम्र 25 साल निवासी देहजरी थाना खरसिया मौके से फरार हो गया था जिसे आज खरसिया पुलिस द्वारा दबिश देकर पकड़ा गया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी सुशांत पटैल बताया कि ग्राम छतौना के रामकुमार वर्मा और राकेश गबेल ट्रैक्टर चोरी कर उससे 17,000 रूपये में बेचने का सौदा तय किये थे। आरोपी राकेश गबेल से मिली जानकारी पर सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर के हमराह स्टाफ आरोपियों के ठिकानों पर खरसिया पुलिस दबिश दी और आरोपी रामकुमार वर्मा पिता मूलचंद उम्र 36 साल निवासी छतौना को हिरासत में लिया गया जिसने राकेश गबेल के साथ मिलकर ट्रैक्टर चोरी कर सुशांत पटैल को रु.17,000 में सौदा तय करना कबूल किया। आरोपी राकेश गबेल फरार है। आरोपी सुशांत पटैल उर्फ छगन तथा रामकुमार वर्मा की चोरी में सम्मिलित पाए जाने से गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी राकेश गबेल की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम मुखबिर लगा रखे है।

## युवक पर धारदार हथियार से हमला करने वाला युवक व उसके 3 नाबालिग साथी जूटमिल पुलिस की गिरफ्त में

**❑ दीपावली के समय किए थे हमउम्र युवक पर हमला, हत्या के प्रयास में भेजे गए रिमांड पर**



**रायगढ़।** दिनांक 09.11.2022 को जूटमिल चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा दीपावली के समय पुरानी की रंजिश को लेकर 05 नवंबर को युवक पर धारदार हथियार (चाकू) से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाने वाले उसके हमउम्र 4 साथियों को हिरासत में लिया गया है जिनमें आरोपी आदर्श भट्ट बालिग है तथा शेष 3 नाबालिग है। आरोपित युवक तथा तीन विधि के साथ संघर्षरत बालकों को मारपीट के मामले में हत्या का प्रयास की धारा विस्तारित कर सक्षम न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक सोनूमुडा में रहने वाला भरत साहू (42 साल) चौकी जूटमिल में दिनांक 06.11.2022 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 05.11.22 के शाम लडका शुभम साहू एवं सुमीम साहू दोनों भाई मोहल्ला के शंकर मंदिर में भण्डार में गये हुए थे कि शाम करीब 04.30 बजे छोटा लडका सुमीत घर आकर बताया कि भाई शुभम को आदर्श भट्ट ने मंदिर अंदर से बुलाकर भाई के पेट में दीपावाली में हुए झगड़ा विवाद की पुरानी रंजीश को लेकर चाकू मार कर भग गया है। तत्काल शंकर मंदिर जाकर देखा तो शुभम बेहोश था उसके पेट में चाकू घुसा हुआ था, खुन निकल रहा था जिसे तत्काल मोटर सायकल से मेडिकल कालेज रायगढ़ इलाज के लिए ले जाकर भर्ती किये हैं। रिपोर्ट पर अप.क्र. 1498/2022 धारा 294, 506, 323, 34 IPC का अपराध दर्ज कर विवेचना दरम्यान गवाहों से पूछताछ कर चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी आदर्श भट्ट उम्र 19 साल को हिरासत में लिया गया जिसने अपने 3 और साथियों का नाम बताया जो घटना में शामिल थे। सभी आरोपित बालकों को हिरासत में लिया गया। चौकी प्रभारी कमल किशोर पटेल द्वारा आहत का क्योरी मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त कर प्रकरण में धारा 307 IPC विस्तारित कर आरोपियों को सक्षम न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। साइबर सेल/चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल, प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी पेट्रोलिंग के आरक्षक विक्रम सिंह और संतोष एक्का की प्रमुख भूमिका रही है।

## जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में 36 प्रतिभागी बच्चों ने दिखाई अपनी रचनात्मक प्रतिभा

**रायगढ़।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत कबाड़ से जुगाड़ मेले का जिला स्तरीय आयोजन आयोजन किया गया। उक्त आयोजन जिला मुख्यालय रायगढ़ के शासकीय नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल के सभाकक्ष में जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा नरेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन एवं कबाड़ से जुगाड़ के जिला नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार के निर्देशन तथा जिला विज्ञान कार्यक्रम प्रभारी शशिकांत बाथम के निर्देशन में आयोजित किया गया। उक्त जिला स्तरीय मेले में रायगढ़ जिले की 09 विकास खंडों से चयनित प्राथमिक स्तर के चार-चार प्रतिभागियों अर्थात कुल 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित इस मेले का मुख्य विषय एफएलएन टीएलएम अर्थात (फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी) था। जिसके अंतर्गत ऐसे टीचिंग लर्निंग मैटेरियल का निर्माण कर प्रदर्शित करना था, जो प्राथमिक स्तर के बच्चों में भाषाई दक्षता एवं गणितीय दक्षता को सुदृढ़ कर सके। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत आयोजित उक्त जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बच्चों ने पूरे उत्साह एवं रुचि के साथ सहभागिता दर्ज की तथा कई ऐसे अप्रत्याशित मॉडल का निर्माण कर प्रदर्शित किया जिसने दर्शकों को अचंभित कर दिया।



विदित हो किए उक्त प्रतियोगिता में कुल 09 विकास खंडों से कुल 36 मॉडल प्रस्तुत किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी ने बच्चों की तारीफ करते हुए कहा कि लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। वहीं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ नरेंद्र चौधरी ने बच्चों की कल्पनाओं मॉडल के रूप में प्रस्तुतीकरण को खूब सराहा। जिला नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार ने बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉडल को भाषा एवं गणित अध्यापन हेतु प्रेरक बताया और कहा कि इससे बच्चों की कल्पनाशीलता बढ़ती है तथा रचनात्मकता भी बढ़ती है। शासकीय नटवर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रायगढ़ की प्राचार्य रूबी वर्गीस ने बच्चों की तारीफ करते हुए बड़े बच्चों को मॉडल बनाने के लिए प्रेरक बताया।

**प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में ये रहे शामिल-** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत आयोजित उक्त जिला स्तरीय कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में व्याख्याता बाखला, मेघा अग्रवाल, विनीता एकता, राजेंद्र कलेत उपस्थित रहे। जिन्होंने बच्चों द्वारा निर्मित मॉडल का आकलन कर आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव दिया। आज के कार्यक्रम में 09 विकासखंडों से आए हुए सभी बच्चों एवं शिक्षकों के विकासखंड नोडल अधिकारी के साथ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद शेख ताजिम भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

## दुकान का शटर व कुंदा तोड़कर नकदी व सामानों की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**❑ छाल पुलिस ने भेजा रिमांड पर**



**रायगढ़।** दिनांक 10.11.2022 को थाना प्रभारी छाल निरीक्षक जितेन्द्र एसैया के नेतृत्व में छाल पुलिस द्वारा ग्राम छोटे जामपाली रोड़ किनारे किराना दुकान में चोरी करने वाले अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर मुखबिर सूचना पर संदेही भारत धनवार को हिरासत में लिया गया जिससे चोरी का सामान बरामद कर आरोपी को आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

घटना के संबंध में आज थाना छाल में ग्राम छोटे जामपाली में रहने वाला प्रेम लाल राठिया (47 साल) उसके छोटे जामपाली एवं घाठादाई मंदिर के पास रोड़ किनारे स्थित दुकान व होटल का दिनांक 07-08/11/2022 की दरम्यानी रात अज्ञात चोर शटर का कुंदा तोड़कर दुकान में रखे तेल, दाल, बिस्किट पैकेट, प्लास्टिक का कैरेट, गुटखा आदि नकदी समेत जुमला करीब 6245/- रूपये को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी पर नबकजनी का अपराध दर्ज कर माल मुल्जिम पतासाजी के लिये छाल पुलिस मौके पर रवाना हुई। रिपोर्टकर्ता और गांव के लोगों से पूछताछ कर छाल पुलिस संदेही भारत धनवार को हिरासत में लिया गया, जिसने चोरी कर चोरी का सामान घाठादाई मंदिर के पीछे झाड़ियों छिपाकर रखना बताया। पुलिस आरोपी भारत धनवार पिता स्वर्गीय दशरथ धनवार उम्र 27 वर्ष निवासी कुकरीचोली थाना छाल जिला रायगढ़ के मेमोरंडम पर चोरी का सामान बरामद कर आरोपी को आज नकबजनी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## व्यवसायी के आत्महत्या मामले में फरार आरोपी शेख मोहम्मद शाहबाज गिरफ्तार

**❑ आरोपी से कोतवाली पुलिस को मिली कई महत्वपूर्ण जानकारी**

**❑ मामले में तीन आरोपियों को पहले की भेजा जा चुका है सलाखों के पीछे**



रायगढ़। व्यवसायी मयंक मित्तल आत्महत्या मामले में एसपी अभिषेक मीणा के दिशा-निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर टीआई कोतवाली शनिप रात्रे द्वारा गंभीरतापूर्वक कार्रवाई करते हुए मर्ग जांच में मयंक मित्तल के परिजनों, गवाहों का कथन लेकर मयंक को रूपयों के लिये धमकी देने वाले आरोपी करण अग्रवाल उर्फ करण चौधरी , शहबाज खान, धर्मेन्द्र, अफजल व अन्य के विरूद्ध धारा 452, 384, 306, 34 IPC के तहत दिनांक 27.10.2022 को अपराध पंजीबद्ध कर उसी दिन अपनी टीम के साथ आरोपी करण अग्रवाल उर्फ करण चौधरी, मो. अफजल और धर्मेन्द्र के ठिकानों में दबिश देकर हिरासत में लिया गया। विवेचना दरम्यान आरोपी करण अग्रवाल अपने मेमोरेंडम कथन पर मयंक मित्तल को क्रिकेट सट्टा में हारे रुपए पैसों का तगादा करने की बात स्वीकार किया, तीनों आरोपियों को दिनांक 27.10.2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कोतवाली पुलिस विस्तृत जांच के लिए आरोपी करण अग्रवाल उर्फ करण चौधरी का पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ किया गया। वहीं अपराध पंजीबद्ध के बाद से आरोपी शेख मोहम्मद शाहबाज फरार था जिसकी लगातार पुलिस पतासाजी कर रही थी, पुलिस टीम कोलकत्ता, ओडिशा व कई जिलों में भी दबिश दिया गया। आरोपी अपना लोकेशन बदल कर लुक छिप रहा था पुलिस लगातार दबाव बना रही थी और अपने मुखबिरों को सक्रिय कर सूचना देने हिदायत दिया गया था, जिसे कल दिनांक 09.11.2022 की रात मुखबिर सूचना पर हिरासत में लेकर विस्तार पूछताछ किया गया जिससे कई अहम जानकारियां मिली है। आरोपी शेख मोहम्मद शाहबाज पिता शेख मोहम्मद शमशीर उम्र 30 साल निवासी तुर्कापारा चांदनी चौक थाना कोतवाली रायगढ़ से उसका मोबाइल जप्त कर आरोपी को आज जुडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

## उधारी रूपए नहीं देने से नाराज युवक ने महिला के सब्जी ठेले में लगाया आग

**❑ चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपी को आगजनी के अपराध में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर**



रायगढ़। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा सब्जी बेचने वाली महिला के ठेले में आग लगाकर क्षति पहुंचाने वाले युवक पर तत्काल आगजनी की कार्रवाई कर आरोपी मोटू उर्फ राजकिशोर भुईंहर को हिरासत में लिया गया जिसे आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 10.11.2022 को थाना चक्रधरनगर में रजनी देंवांगन पति दुर्गेश देवांगन उम्र 27 वर्ष, अम्बेडकर आवास आई.टी.आई. कालोनी रायगढ़ आगजनी के संबंध में लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के सामने सब्जी दुकान लगाकर सब्जी बेचने का कार्य करती है। दिनांक 07.11.22 के रात्रि करीबन 10.00 बजे अपने पति के साथ दुकान को बंद कर रही थी। तभी मोटू उर्फ राजकिशोर भुईंहर आया और पति दुर्गेश उर्फ पिंटु देवांगन से एक हजार रूपये उधारी मांगा जिसे उधारी रूपये देने से इंकार किये। उसी समय मोटु उर्फ राजकिशोर धमकी देते हुये बोला कि "तुम्हारे दुकान को आग लगाकर बर्बाद कर दुंगा। " दिनांक 08.11.22 को सुबह करीबन 4.30 बजे दोनों पति-पत्नी दुकान आये तो देखे सब्जी दुकान पूरी तरह जल कर राख हो चूका था। रिपोर्टकर्ता के आवेदन पर आरोपी के विरूद्ध धारा 436 भादवि का अपराध पंजीबध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रवीण मिंज के निर्देशन में थाने के प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन हमराह स्टाफ के साथ आरोपी पतासाजी में आईटीआई कालोनी, बेलादुला की ओर रवाना हुयेऔर शीघ्र ही आरोपी मोटू उर्फ राजकिशोर भुईंहर पिता सहदेव भुईंहर उम्र 23 साल निवासी बेलादुला खर्राघाट माली भवन के पास थाना चक्रधरनगर की पतासाजी कर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाये जिसे आज आगजनी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन